परियोजना का नाम :– ग्राम–थानों (नौगांव चक), थानों रेंज, जनपद–देहरादून में उत्तराखण्ड होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना।

## प्रपत्र–26

### भू–वैज्ञानिक की आख्या

परियोजना स्थल की भू–वैज्ञानिक आख्या संलग्न है।

ह0/

(एस० एल० शाह)
डिप्टी कमाण्डेन्ट जनरल
होमगार्डस् एवं नागरिक सुरक्षा
निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून

प्रयोक्ता एजेन्सी

उप वन संरक्षक
देहरादून वन प्रभाग
देहरादून

वन क्षेत्राधिकारी
थानों रेंज
देहरादून वन प्रभाग

G.G.H.G - 1618/13
23-11-13

प्रेषक,

भूवैज्ञानिक,
भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
जिला टास्क फोर्स कार्यालय,
देहरादून।

सेवा में,

कमान्डेन्ट जनरल, होमगार्ड्स
एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः 64 / जि0टा0फो0–दे0दून / भू0नि0आ0 / 2013–14 दिनांक 22 नवम्बर, 2013

विषयः **जनपद देहरादून में नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड्स विभाग के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु राजकीय इण्टर कॉलेज, थानों, रायपुर के पास नौगांव चक, थानों रेंज के अन्तर्गत चयनित प्रस्तावित भूमि की भूगर्भीय आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र सं0 859 / सीजी–75 / होगा / 2013 / दिनांक 14 नवम्बर, 2013 के सन्दर्भ में प्रश्नगत क्षेत्र का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री राजीव बलौनी स्टाफ ऑफिसर होमगार्ड्स देहरादून, श्री डा0 राहुल संचान, जिला कमान्डेन्ट होमगार्डस देहरादून श्री चिन्तामणि घ्यानी, वन क्षेत्राधिकारी उपस्थिति में दिनांक 16 नवम्बर, 2013 को सम्पन्न किया गया जिसकी भूवैज्ञानिक आख्या निम्नवत् हैः–

सन्दर्भित प्रश्नगत स्थल जनपद मुख्यालय देहरादून से लगभग 30 कि0मी0 की दूरी पर देहरादून–रायपुर मोटर मार्ग पर थानों के निकट नाही कला / सिन्धववाल गांव मोटर मार्ग से 50मी0 पर पूरब की तरफ स्थित है। सन्दर्भित प्रश्नगत स्थल समुद्रतल से लगभग 717मी0 से लेंकर 743मी0 के मध्य निम्न अंक्षाश व देशान्तर पर स्थित है।(मानचित्र व लेआउट प्लान संलग्न है)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर $30^0$ 14′ 21.40″<br>पूरब $78^0$ 12′ 54.43″ | 2. | उत्तर $30^0$ 14′ 20.72″<br>पूरब $78^0$ 12′ 55.68″ |
| 3 | उत्तर $30^0$ 14′ 10.35″<br>पूरब $78^0$ 12′ 47.79″ | 4. | उत्तर $30^0$ 14′ 4.54″<br>पूरब $78^0$ 12′ 51.33″ |
| 5. | उत्तर $30^0$ 14′ 4.82″<br>पूरब $78^0$ 12′ 49.26′ | | |

H.G.Sec

Dy.Cm.H.G.
23/11

H.A
23/11/13

(71)

प्रश्नगत सन्दर्भित स्थल थानों राजकीय इण्टर कॉलेज के पूर्व में सडक व छोटी नहर के किनारे उत्तर–दक्षिण दिशा में स्थित हैं जो कि लघु हिमालय पर्वत श्रंखला के शिवालिक पहाडियों के रिज पर स्थित है जो कि एक समतल मैदान है। मैदान के सामान्य ढाल दक्षिण की ओर है। प्रश्नगत स्थल पर चट्टानों का अभाव है। स्थल के पूरब की ओर तीव्र ढाल है

प्रश्नगत स्थल पर चट्टानों का अभाव है व स्थल पर जंगली झाडियां व घास उगी हुई है तथा कुछ स्थानों पर बडे फलदार वृक्ष भी लगे हुये हैं।

क्षेत्र से प्राप्त तकनीकी आंकडे एवं भूगर्भीय स्थिति को देखते हुये स्थल में भवन का निर्माण निम्नलिखित सुझाव एवं शर्तो का पालन करते हुये भूगर्भीय दृष्टिकोण से उचित होगा।

<u>सुझावो / शर्तेः–</u>

1. संदर्भित स्थल वनभूमि का भाग है। अतः वन संरक्षण अधिनियम–1980 के अनुसार वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा।
2. स्थल भूकम्पीय क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। अतः भवन का निर्माण बीम व कॉलम पर आधारित आवश्यक होगा।
3. भवन के बहुमंजिले होने के कारण भवन भूमि का स्वाइलटेस्ट करवाना भी उचित होगा।
4. भवन की नींव स्वाइलटेस्ट के अनुसार करवाना आवश्यक होगा।
5. भवन की सुरक्षा हेतु भवन के आस–पास अतिवृष्टि के समय पानी की निकासी हेतु नालियों का निर्माण आवश्यक होगा।
6. भवन की सुरक्षा हेतु स्थल के पूर्व की ओर तीव्र ढाल की तरफ रिटेनिगं वाल बनाना आवश्यक होगा।
7. भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग की अभियांत्रिकीय मानकों के आधार पर बनाना आवश्यक होगा।

भवदीय,

(राजेन्द्र शुक्ला)
भूवैज्ञानिक

**पृष्ठांकः / जि0टा0फो0–दे0दून / भू0नि0आ0 / 2013–14 तददिनांक।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी देहरादून।
2. निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(राजेन्द्र शुक्ला)
भूवैज्ञानिक